भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्री के विनायक राव ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (वित्त) के रूप में पदभार संभाला

नई दिल्ली, 13 मई, 2020: भारतीय रेल लेखा सेवा (IRAS) के 1987 बैच के अधिकारी, श्री के विनायक राव ने 13 मई, 2020 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है । इस नियुक्ति से पूर्व, श्री राव दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) में सदस्य (वित्त) के रूप में कार्यरत थे ।

भाविप्रा के सदस्य (वित्त) के रूप में, श्री के.विनायक राव संगठन के वित्त, लेखा और वित्तीय संचालन संबंधी सभी कार्यों के प्रभारी होंगे। संसाधन जुटाने और सांविधिक अनुपालन सहित वित्त संचालन से जुड़ी सभी नीतियों व योजनाओं को बनाने और उन्हें सूत्रबद्ध करने संबंधी सभी पहलुओं के लिए वे उत्तरदायी होंगे । श्री राव एक अग्रणी की भूमिका का निर्वाह करते हुए संगठन के व्यवसाय में निरंतर वृद्धि के लिए अपना प्रभावी योगदान देंगे ।

भारतीय रेलवे में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ज़ोनल रेलवे, निर्माण परियोजनाओं और उत्पादन इकाइयों में विभिन्न स्तरों पर अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं । वे वर्ष 2009 से 2014 तक रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) में कार्यपालक निदेशक (वित्त व्यय) के रूप में कार्यरत रहे । वे पिपावाव रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PRCL) और रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी (REMCL) लिमिटेड के बोर्ड में भी रह चुके हैं । इसके अतिरिक्त, श्री राव को बिजली क्षेत्र में भी कार्य का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने वर्ष 2003 से 2009 तक चार पुनर्गठित कंपनियों में निदेशक (वित्त) के रूप में और पूर्व महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड में सदस्य (वित्त) के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं । उन्होंने महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड (एमएसईबी) के पुनर्गठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज के पूर्व छात्र, श्री के.विनायक राव गणित में मास्टर डिग्री धारक हैं ।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें

प्रैस विज्ञप्ति सं: 1/20-21

महाप्रबंधक सी सी), दूरभाष सं.24622787